# यूएई पर 1,475 ड्रोन एवं 270 मिसाइल हमले

## ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका-इजरायल के हमलों में अब तक 1,300 से अधिक नागरिक मारे गए

**दुबई/न्यूयॉर्क, 11 मार्च. पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के 12वें दिन भी हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ईरान की ओर से लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले किए जा रहे हैं, जिनमें से अधिकांश को वायु रक्षा प्रणालियों ने आसमान में ही नष्ट कर दिया.**

दुबई में लोगों को संभावित हमले के खतरे को लेकर आपातकालीन मोबाइल अलर्ट जारी किया गया था, जिसे बाद में स्थिति सामान्य होने पर वापस ले



लिया गया। वहीं संयुक्त राष्ट्र में ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका-इजरायल के हमलों में अब तक 1,300 से अधिक नागरिक मारे गए हैं और हजारों नागरिक ठिकाने तबाह हो चुके हैं.

### ईरान की बैंकों पर हमले की चेतावनी

**तेहरान.** ईरान ने एक बड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में स्थित अमेरिका और इजरायल से जुड़े आर्थिक केंद्रों, बैंकों और गूगल एवं माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमेरिकी कंपनियों को भी निशाना बना सकता है। यह बयान कथित तौर पर एक ईरानी बैंक पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में आया है.

### जी-7 के ऊर्जा मंत्रियों ने कच्चे तेल कीमतों पर की बात

**पेरिस.** जी-7 देशों के ऊर्जा मंत्रियों ने कहा है कि वे पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के साथ मिलकर सभी जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक के साथ 10 मार्च को हुई एक आभासी बैठक के बाद जी-7 देशों के मंत्रियों ने एक बयान में कहा जी-7 के सदस्य देश इन चर्चाओं के दौरान दिए गए सुझावों पर गंभीरता से विचार करेंगे। उन्होंने कहा, सैद्धांतिक रूप से, हम इस स्थिति से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का समर्थन करते हैं, जिसमें रणनीतिक तेल भंडार का उपयोग भी शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि वे जी-7, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों और अन्य देशों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। बयान में आगे कहा गया, हम अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्यों के साथ तालमेल बिठाकर सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए तैयार रहने पर सहमत हुए हैं.

### शांति बहाल करने पर काम जारी रखेंगे : चीन

**बीजिंग.** चीन ने खाड़ी देशों पर हमलों का विरोध करते हुए क्षेत्र में तनाव कम करने और शांति बहाल करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने की बात कही है. चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बुधवार को कहा कि चीन खाड़ी देशों पर हमलों का समर्थन नहीं करता है और नागरिकों तथा गैर-सैन्य लक्ष्यों पर होने वाले अंधाधुंध हमलों की निंदा करता है. उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में सबसे बड़ी प्राथमिकता शत्रुता और संघर्ष को और फैलने से रोकना है.

### व्हाइट हाउस के पास बैरिकेड तोड़ घुसी वैन

**वॉशिंगटन.** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब व्हाइट हाउस के पास एक वैन सुरक्षा बैरिकेड तोड़कर हाई सिक्योरिटी जोन में घुस गई। घटना लाफायेट स्क्वायर इलाके में हुई, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक आवास के ठीक उत्तर में स्थित है। सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन चालक को हिरासत में ले लिया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास सुरक्षा में उस समय हलचल मच गई जब एक संदिग्ध वैन ने तड़के सुरक्षा बैरिकेड तोड़ दिए। पुलिस के अनुसार यह घटना लाफायेट स्क्वायर इलाके में हुई, जो व्हाइट हाउस के ठीक उत्तर में स्थित है.

### जेन-जेड : नेपाल में हुए कामयाब, बंगलादेश में रहे नाकाम

**नई दिल्ली.** भारत के पड़ोसी देशों में दो ऐसे राजनीतिक आंदोलन और उसके बाद चुनाव हुए हैं, जिनका भारत की क्षेत्रीय आकांक्षाओं पर प्रभाव पड़ सकता है। बंगलादेश और नेपाल में आंदोलनों के संचालनकर्ता युवा मतदाता थे, जो अपने देशों के राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव के लिए बेताब थे, लेकिन दोनों जगह परिणाम एक-दूसरे से बिल्कुल उलट रहे। संकरे सिलीगुड़ी कॉरिडोर से विभाजित इन दोनों देशों में हुए प्रदर्शनों का एक ही लक्ष्य मौजूदा व्यवस्था को बदलना था। नेपाल का राजनीतिक परिदृश्य बड़े बदलाव के लिए तैयार दिख रहा है, क्योंकि हाल ही में हुए आम चुनावों के बाद बालेंद्र शाह उर्फ बालेन शाह देश के प्रधानमंत्री पद के इकलौते दावेदार बनकर उभरे हैं। काठमांडू के पूर्व महापौर और रैपर 35 वर्षीय बालेन नेतृत्व की उस नयी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, राजनीतिक अभिजात वर्ग के वर्चस्व को चुनौती दे रही है.

## वैश्विक तेल कीमतों को स्थिर करने में भारत की भूमिका की सराहना

**नई दिल्ली, 11 मार्च. भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने वैश्विक तेल बाजारों को स्थिर करने में भारत की भूमिका की प्रशंसा करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि लाभ के लिए बाजार की स्थिरता के मद्देनजर दोनों देशों को कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की आवश्यकता है.**



गोर ने बुधवार को कहा, दुनिया भर में तेल की कीमतों को स्थिर बनाये रखने में भारत एक बेहतरीन साझेदार रहा है। अमेरिका यह स्वीकारता है कि रूसी तेल की जारी खरीद इसी प्रयास का हिस्सा है। भारत तेल के सबसे बड़े उपभोक्ताओं और रिफाइनरों में से एक है और अमेरिकियों तथा भारतीयों के लिए बाजार की स्थिरता के लिए अमेरिका तथा भारत का मिलकर काम करना अनिवार्य है।उन्होंने उल्लेख किया कि अमेरिका वैश्विक ऊर्जा बाजारों को संतुलित रखने के व्यापक प्रयासों के हिस्से के रूप में भारत के रूसी तेल की निरंतर खरीद को मान्यता देता है.

### ट्रम्प का बड़ा बयान : ईरान में अब निशाना बनाने के लिए कुछ नहीं बचा

**वॉशिंगटन/तेल अवीव.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान में अब सैन्य लक्ष्यों के नाम पर व्यावहारिक रूप से कुछ भी शेष नहीं है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने मीडिया संगठन एक्सियोस को दिये एक संक्षिप्त फोन इंटरव्यू में युद्ध की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा, युद्ध बहुत शानदार चल रहा है। हम अपने निर्धारित समय से काफी आगे हैं। उन्होंने बताया कि हमलों ने उम्मीद से कहीं अधिक नुकसान पहुँचाया है। शुरुआती छह हफ्तों में ही उन्होंने उससे अधिक तबाही मचाई है जितना संभव माना जा रहा था.

# 83 .74 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी देने की मांग

## लोकसभा में उठा सतना और टमस नदी के संरक्षण का मुद्दा

**नई दिल्ली,11 मार्च, नससे. सतना के लोकसभा सांसद गणेश सिंह ने लोकसभा के 18 वें सत्र के दौरान नियम 377 के तहत सतना संसदीय क्षेत्र की जीवनदायिनी मानी जाने वाली सतना और टमस (तमसा) नदियों के प्रदूषण और उनके संरक्षण का गंभीर मुद्दा उठाया है.**

उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि इन नदियों के कायाकल्प के लिए लंबित करोड़ों रुपये के प्रस्ताव को जल्द से जल्द प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाए. लोकसभा सचिवालय को दिए अपने पत्र में सांसद ने बताया कि सतना मुख्यालय के समीप से प्रवाहित



होने वाली सतना और टमस नदियां शहर की सीमा पर स्थित चकेही गांव में आपस में मिलती हैं. इसी संगम स्थल से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत सतना शहर को पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है. लेकिन वर्तमान समय में ये दोनों ही नदियां अत्यधिक प्रदूषित हो चुकी हैं.

### सतना में ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के प्रयास में जुटे सांसद

सतना शहर की बढ़ती यातायात समस्या और बहुप्रतीक्षित एलिवेटेड रोड परियोजना में हो रही देरी को देखते हुए, सतना सांसद गणेश सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल की है. उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर शहर के मुख्य ट्रैफिक पॉइंट्स पर तीन नए फ्लाईओवरों के निर्माण का वैकल्पिक प्रस्ताव दिया हैसांसद सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि सतना में एलिवेटेड रोड की घोषणा के बाद एक लंबा समय बीत चुका है.

### होर्मुज जलडमरूमध्य में थाई कार्गो जहाज पर हमला

**बैंकॉक.** ईरान इजरायल-अमेरिका युद्ध में महत्वपूर्ण हो चले समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य में थाईलैंड की एक कार्गो जहाज पर बुधवार को हमला हुआ. इस दौरान चालक दल के 20 सदस्यों को बचाकर ओमान ले जाया गया है. रॉयल थाई नेवी नेयह जानकारी दी. इसमें शामिल जहाज मयूरी नारी है और यह बुधवार सुबह संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा की एक बंदरगाह से निकला था. होर्मुज इलाके में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे उस पर हमला हुआ. घटना के बाद, रॉयल थाई नेवी तुरंत बचाव कार्य में जुट गयी. बचाए गए थाई चालक दल के सदस्यों को ओमान के खासाब पहुंचाया है. अधिकारी बाकी तीन सदस्यों की तलाश जारी रखे हुए हैं.

# सेपियंस हेल्थ फाउंडेशन ने मनाया किडनी दिवस

▶ **खास पड़ावों पर एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई**

**चेन्नई,11 मार्च. चेन्नई के एक जाने-माने एनजीओ, सेपियंस हेल्थ फाउंडेशन ने 1 मार्च को विश्व किडनी दिवस 2̀26 मनाया. विश्व किडनी दिवस 2̀26 की थीम है सभी के लिए किडनी हेल्थ, लोगों की देखभाल, धरती की सुरक्षा। इस मौके पर सेपियंस हेल्थ फाउंडेशन के सफ़र और खास पड़ावों पर एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई.**

फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. राजन रविचंद्रन ने किडनी की बीमारी को रोकने के लिए फाउंडेशन की कोशिशों के बारे में बताया.




उन्होंने सिस्टिनोसिस नाम की बीमारी के इलाज के बारे में भी बताया, जिसे फाउंडेशन 2012 से स्पॉन्सर और मरीज़ों को सपोर्ट कर रहा है। उन्होंने नमक कम करने के कैंपेन के बारे में बताया, जिसे फ़ाउंडेशन 2010 से चला रहा है। उन्होंने सेपियंस हेल्थ फ़ाउंडेशन द्वारा अलग-अलग शहरों (चेन्नई, मुंबई, दिल्ली, विजयवाड़ा) में डॉक्टरों के लिए सफलतापूर्वक आयोजित वर्कशॉप की जानकारी दी। यह लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों से लड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा, जो दुनिया में नंबर 1 किलर हैं. श्री राजीव मेनन मशहूर फिल्म मेकर, जो फंक्शन के चीफ गेस्ट थे, ने अलग-अलग भाषाओं में नमक कम करने की गाइड रिलीज़ की और सेपियंस के काम की तारीफ़ की.

### एनसीईआरटी के पूरे सिलेबस की होगी समीक्षा

**नई दिल्ली.** एनसीईआरटी की कक्षा 8वीं की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मामलों को लेकर एक अध्याय दिया था. यह अध्याय नए तैयार हुए सिलेबस का हिस्सा था, जिस पर खूब विवाद हुआ और सुप्रीम कोर्ट ने ऐतराज जताया था.

इस को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सरकार ने कहा कि हम एनसीईआरटी के पूरे सिलेबस की ही समीक्षा कराएंगे.

इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है. वहीं बेंच ने केंद्र, राज्यों और विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे एनसीईआरटी की कक्षा आठ की पुस्तक में विवादास्पद अध्याय का मसौदा तैयार करने वाले तीन विशेषज्ञों से दूरी बनाएं.

# केजरीवाल ने मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

## आबकारी मामले को शर्मा को हटाकर किसी अन्य बेंच को सौंपने की मांग

▶ **न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ पक्षपात के सबूत पेश किए**

**नई दिल्ली, 11 मार्च. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और दिल्ली आबकारी नीति मामले के कई अन्य आरोपियों ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा है.**

उन्होंने इस मामले को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत से



किसी अन्य बेंच में ट्रांसफर करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने तर्क दिया है कि निष्पक्षता सुनिश्चित करने और न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए मामले की सुनवाई एक निष्पक्ष बेंच द्वारा की जानी चाहिए. उन्होंने यह भी बताया कि इसी आबकारी मामले में जज द्वारा पारित कई आदेशों को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है. अपने पत्र में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह अनुरोध एक गंभीर और वास्तविक चिंता के कारण किया गया है. उन्हें डर है कि इस मामले में पूरी तरह से निष्पक्ष सुनवाई नहीं हो पाएगी। उन्होंने मांग की है कि सीबीआई बनाम कुलदीप सिंह और अन्य मामले को किसी अन्य बेंच के सामने रखा जाए.

# सीएम योगी से मिले कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

## तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के माहौल की सराहना की

**लखनऊ, 11 मार्च. नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की.**

इस दौरान लोहम कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टॉफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की। योगी थ ने नोबेल पुरस्कार



विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव, लोहम के सीईओ रजत वर्मा और चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात का उत्तर प्रदेश में स्वागत किया।बैठक में उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस क्रम में लोहम द्वारा प्रदेश में भारत की पहली रेयर अर्थ टू मैग्नेट इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई.

**नीलामी सूचना**

क्रं./161/2026 दिनांक :- 12/03/2026

**सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहेला (जनपद लांजी) में लगने वाले साप्ताहिक बैठकी बाजार की नीलामी 2026-27 के लिये (1 वर्ष अवधी 1/4/26 से 31/3/27) की जानी है। पंचायत राज अधिनियम फिस संग्रहण का पटटा 1995 नियम एवं शर्तो के अधीन रहते हुये दिनांक 28/3/2026 दिन शनिवार को कार्यालय ग्राम पंचायत भवन बहेला में समय दोपहर 12 बजे से की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथी में बाजार नीलामी नहीं होने पर दिनांक 30/03/2026 दिन सोमवार को पूर्व निर्धारित समय पर नीलामी की जायेगी। बाजार नीलामी ठेके की अमानत राशी 5000/-पांच हजार रुपये जमा करना होगा। अत : उक्त नीलामी से संबंधित सभी नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।**

**सरपंच/सचिव**
**ग्राम पंचायत बहेला**
**जनपद पंचायत लांजी**

### हर मौसम के वस्त्र-परिधान का बड़े पैमाने पर विनिर्माण : गिरिराज

**नई दिल्ली.** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को कहा कि देश की कपड़ा अर्थव्यवस्था को 350 अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए बड़े पैमाने के उत्पादन, मूल्यवान उत्पाद और हर मौसम-हर माह के वस्त्र और परिधान की विनिर्माण क्षमता की ओर बढ़ना होगा। भारत के कपड़ा क्षेत्र की वैश्विक बाजार में उपस्थिति के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत को बड़े पैमाने पर उत्पादन, उच्च-मूल्य विनिर्माण और पूरे वर्ष के लिए परिधान उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ना होगा.

### 894 करोड़ रुपए की एमएसपी पर खरीद को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली.** किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए केंद्र सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने तेलंगाना सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत रबी 2026 सीजन के लिए कुल 1,25,855 मीट्रिक टन फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाएगी। यह खरीद मूल्य समर्थन योजना के तहत की जाएगी, जिसमें 29,860 मीट्रिक टन चना, 37,020 मीट्रिक टन उड़द, 55,285 मीट्रिक टन मूंगफली और 3,690 मीट्रिक टन सूरजमुखी की खरीद शामिल है.

### तस्वीर का गलत इस्तेमाल कर हो रही धोखाधड़ी

**तिरुवनंतपुरम.** केरल में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक नया वित्तीय घोटाला सामने आया है, जिसमें मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की तस्वीर का धोखाधड़ी से इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और उनसे पैसे ठगे जा रहे हैं। फेसबुक और अन्य प्लेटफॉर्म पर फर्जी विज्ञापनों का प्रयोग करके दावा किया जा रहा है कि यदि उपयोगकर्ता के फोन में फोनपे एप है, तो वे आसानी से 12,000 रुपये कमा सकते हैं। इन विज्ञापनों में मुख्यमंत्री की तस्वीर का उपयोग किया जा रहा है,

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री रविंद्र कुमार श्रीमती सीता बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10645589) | पटवार हल्खा संख्या 77/12, खसरा संख्या 144, ग्राम आलगोड़ा, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, 470666, भारत में स्थित संपत्ति। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफल: 900.00, 646.00, 516.00 | रू. 243359/- (दो लाख तिरतालीस हजार तीन सौ उनसठ मात्र) | 20/06/ 2025 | 07/03/ 2026 |
| श्री किशन लाल कोल श्रीमती माया बाई कोल (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10582585) | पी.एच.एन 81, खसरा संख्या 365, वार्ड संख्या 12, मकान संख्या 193, ग्राम टिकारिया, सिहोरा, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत, 483222 में स्थित संपत्ति का पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफल: 900.00, 405.00, 519.00। | रू. 285076/- (दो लाख पिच्यासी हजार छयात्तर मात्र) | 12/06/ 2025 | 07/03/ 2026 |
| श्री मनीराम कोल श्रीमती माया बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10736531) | खसरा संख्या 513, फोन नंबर 52/90, ग्राम सिंदूरसी पोस्ट अगरिया, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत, 483222 की पूरी संपत्ति। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल: 400.00, 389.00 | रू. 242743/- (दो लाख बयालीस हजार सात सौ तिरतालीस मात्र) | 18/07/ 2025 | 07/03/ 2026 |

अधिक जानकारी के लिए, शाखा कार्यालय: 225, नेपियर टाउन, दूसरी मंजिल, चंद्रिका टावर्स के सामने, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001 या कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 12.03.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा**

(स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन विभाग)

क्रमांक 1839/ स्वा. वि. / ई-टेण्डरिंग / 2026 खण्डवा, दिनांक 09/03/2026

**-: निविदा विज्ञप्ति :-**

नगर पालिक निगम खण्डवा मे निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य की निविदा का विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | ऑनलाईन पोर्टल | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UADD _488630_1 | Offers invitiang Sterilization & \|Immunization of Stray Dogs in KMC Under Animal Birth Control Programme | 21.00 | 21000/- | 5,000/- | निविदा जारी होने के दिनांक से आगामी एक वर्ष तक |

1. निविदा ऑनलाइन कय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक :- 06/04/2026 (शाम 5.30 बजे तक)
2. निविदा खोलने की दिनांक :- 08/04/2026 (प्रातः 10.30 बजे)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा

उपायुक्त
नगर पालिक निगम, खण्डवा

**MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED**

Superintending Engineer (P&W), Office Of The Executive Director (Gen.), Sanjay Gandhi Thermal Power Station
Birsinghpur, Distt.-Umaria 484 552 (M.P.) Email-ID : sepnw.sgtps@mppgcl.mp.gov.in, Fax No. : 07655-260226

No. 511-0100/SGTPS/P&W/E-NIT-49/5067 Birsinghpur, Dated : 10.03.2026

**E-TENDER INVITING NOTICE**

M.P. POWER GENERATING CO. LTD. Invites Electronic tenders from manufacturer/reputed supplier/contractor, for the supply/works of following items for SGTPS, MPPGCL Birsinghpur.

| Sl. No. | MPPGCL TENDER – ID | Particulars | Estimate (In Rs.) | Tender Cost (In Rs.) | E.M.D. (In Rs.) | Last Date of Closing of Online Submission | Due Date of E-Tender Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026_ MPPGC_ 480554_1 | Annual maintenance of external & internal G.I.pipe line network in colony area office public building etc.at SGTPS, MPGCL, Birsinghpur. | 11,18,804/- | 1000/- | 22,400/- | 01.04.2026 | 06.04.2026 |
| 02. | 2026_ MPPGC_ 480443_1 | Procurement of "High pressure Cold Drawn Seamless Nose Bend for Furnace of Boiler" for Unit no. 3 & 4, at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 45,13,642/- | 1000/- | 90,300/- | 06.04.2026 | 09.04.2026 |
| 03. | 2026_ MPPGC_ 483401_1 | Work proposal for "Refurbishment of complete rotor assembly alongwith replacement with new rotor shaft & plummer blocks of ring granulator(L&T) make model 1017U type installed at alternate coal path of wagon tippler system, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur | 40,70,115/- | 1000/- | 81,500/- | 21.04.2026 | 24.04.2026 |
| 04 | 2026_ MPPGC_ 482762_1 | Annual Work contract for providing man power for Assistance in of office related works of S.E. (Services)-I, and subordinate division & daily cleaning & other associated work for the O/o S.E. (Services)-I & subordinate divisions at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 22,02,086.71 | 1000/- | 44,100/- | 06.04.2026 | 10.04.2026 |
| 05 | 2026_ MPPGC_ 482509_1 | Work for complete overhauling along with refurbishment/ replacement of spide fitted with support wheel & guide wheel of rotary breaker size 12x22' (TRF make),refurishmet of plough feeder bladesby filling worn out portion with welding electrodes followed by machining & balanceing fabrication of track hopper jail (1945 x 2515 mm) and fabrication of bunker jail/grill at bunker house for 1x500 MW CHP, at SGTPS,MPPGCL, Birsinghpur. | 44,05,731/- | 1000/- | 88,200/- | 09.04.2026 | 15.04.2026 |
| 06 | 2026_ MPPGC_ 481563_1 | Providing assistance in prepration of coal related data such as CRN, monthly landed cost, MIS data, OC – I, reconciliation of Coal bill and +250 MM stone claim and prepration of claims of sampling of coal from TPSA and other office related works etc. SGTPS, MPPGCL. | 19,02,820/- | 1000/- | 38,100/- | 23.03.2026 | 26.03.2026 |
| 07 | 2026_ MPPGC_ 482069_1 | Procurement of Position feedback transmitters for HPCV, IPCV of Turbine & LPBP control valves of Unit No. 1 to 4 (PH-I&II). SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur | 33,64,208/- | 1000/- | 67,300/- | 25.03.2026 | 01.04.2026 |
| 08 | 2025_ MPPGC_ 471437_1 | Supply, Installation and Commissioning of New Hydrogen Gas Leak Detection System in Hydrogen Plant SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur. | 13,59,478/- | 1,000/- | 27,200/- | 13.04.2026 | 17.04.2026 |
| 09 | 2026_ MPPGC_ 482066_1 | Procurement of various pressure transmitters with digital display facility for ATRS system of PH-II at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur | 18,31,841/- | 1,000/- | 36,700/- | 06.04.2026 | 09.04.2026 |
| 10. | 2026_ MPPGC_ 484345_1 | Operation of dam radial gates across Johilla river during open season and rainy season including allied works at at SGTPS,MPGCL, Birsinghpur. | 24,64,301/- | 1000/- | 49,300/- | 01.04.2026 | 06.04.2026 |

These tenders are being invited through e-tendering system. For viewing detailed E-NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tender, for any clarifications and/or due date extensions or corrigendum, please visit the website **www.mptenders.gov.in** regularly. Any clarifications and/or due date extensions or corrigendum shall be issued on the website **www.mptenders.gov.in** only.

M.P. Madhyam/124861/2026 **"SAVE ELECTRICITY- SAVE POWER- SAVE MONEY"** **SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)**